लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 330

जिसका उत्तर बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को दिया जाएगा

भारतीय मसालों पर प्रतिबंध

330. श्री राकेश रंजन:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत में उत्पादित अनेक मसालों को कुछ देशों में प्रतिबंधित कर दिया गया है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;
(ग) क्या देश भर में इन्हीं पैकेटबंद मसालों की बिक्री और उपभोग किया जा रहा है;
(घ) क्या पैकेटबंद मसालों को लंबी अवधि तक उपयोग में लाने के लिए कीटनाशकों का प्रयोग किया जा रहा है; और
(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार ने स्वास्थ्य पर उनके दुष्प्रभावों, यदि कोई हों, का कोई विश्लेषण किया है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क एवं ख): वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सूचित किया है कि मई 2024 में, नेपाल सरकार ने मीडिया समाचारों और निर्दिष्ट स्तरों से अधिक एथिलीन ऑक्साइड के उच्च स्तर की रिपोर्टों के कारण आयातकों को दो ब्रांडों से संबंधित मसाला मिश्रण के चार विशिष्ट लॉट के आयात, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया और साथ ही इन वस्तुओं को बाजार से वापस लेने की सलाह दी।

इसके अनुसरण में, मसाला बोर्ड ने नेपाल सरकार के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता विभाग (डीएफटीक्यूसी) को सूचित करने के लिए नेपाल में भारतीय मिशन के साथ मामला उठाया, कि भारतीय मसालों के निर्यातकों द्वारा आयातक देशों के ईटीओ मानकों के अनुपालन को सुविधाजनक बनाने के लिए मसाला बोर्ड ने क्या कदम उठाए हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निर्यातकों द्वारा खरीदे गए कच्चे माल के साथ-साथ उनके द्वारा निर्यात के लिए भेजे गए तैयार माल में ईटीओ की निगरानी के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी करना शामिल है।

(ग से ङ): उपर्युक्त (क) और (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

****